हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025

04 पहले किए देवी मां के दर्शन और फिर कराया...



07 नगर पालिका की लापरवाही से नारकीय जीवन जीने...





## खबर संक्षेप

### भू-अर्जन और मुआवजा वितरण की कार्रवाई तेजी से पूर्ण कराएं: कमिश्नर

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के संबंध में सागर संभाग के सभी कलेक्टरों के साथ ऑनलाइन समन्वय बैठक लेकर जिलेवार भू-अर्जन के प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे भू-अर्जन के प्रकरणों पर तेजी के कार्यवाही करें और समय पर मुआवजा वितरित कर भू-अर्जन की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

### कलेक्टर ने जैसीनगर में किया खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जैसीनगर में खाद वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से होनी चाहिए। ताकि खाद प्राप्त करने में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने उन्होंने कहा कि खाद वितरण केंद्र पर छाया, पेयजल समेत सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद वितरण के सुचारू संचालन के लिए टोकन सुविधा शुरू की जाए जिससे किसानों को लाइन में खड़े होने की परेशानी कम हो साथ सुरक्षा के लिहाज से खाद वितरण केन्द्र पर आवश्यक पुलिस बल की उपस्थिति एवं बेरिकेटिंग की जानी चाहिए। कलेक्टर ने किसानों से प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती करने की अपील की उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से एक ओर जहां खेती की लागत कम होती है वहीं दूसरी ओर सफल का उत्पादन भी बढ़ता है और पर्यावरण को भी नुकसान कम से कम होता है। उन्होंने किसानों से नैनो उर्वरक उपयोग की भी अपील की। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे नैनो उर्वकर के उपयोग को बढ़ावा दें और इसकी जानकारी अन्य किसानों को भी दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, सीईओ जिला पंचायत विवेक के वी, एसडीम रोहित वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा सागर जिले के गढ़ाकोटा एवं रहली तहसील के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। तहसील गढ़ाकोटा में राजस्व निरीक्षक पी.एल. अथिया एवं औषधि निरीक्षक सागर की उपस्थिति में मां जानकी मेडिकल स्टोर, राय मेडिकल स्टोर तथा ग्राम परसोरिया (तहसील गढ़ाकोटा) स्थित दुर्गा मेडिकल एवं अंकित मेडिकल का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार तहसील रहली में पटवारी बलराम अहिरवार की उपस्थिति में औषधि निरीक्षक मनीष सुमन सागर द्वारा शिव शक्ति मेडिकल स्टोर एवं राय मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया तथा आभा मेडिकल स्टोर बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स संचालकों को निर्देश दिए गए कि नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं का विक्रय केवल वैध पर्चे एवं बिल पर ही किया जाए तथा स्टॉक एवं बिक्री का रिकॉर्ड समय पर एवं विधिवत संधारित किया जाए।

### किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएं

**सागर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जान गए है और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

## सुरखी विधानसभा में सेवा पखवाड़े के तहत स्वदेशी अपनाने का संकल्प, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा

# पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म जयंती पर जैसीनगर पधार रहे मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे नमो फल उद्यान का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय राजनीति के पुरोधा और अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में भव्य आयोजन होगा। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जैसीनगर पधारकर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और बरौदा सागर में प्रदेश के पहले नमो फल उद्यान का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्य कर्ताओं की बैठक सोमवार को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास मातेश्वरी पर आयोजित हुई।



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपने विचारों और सिद्धांतों से भारतीय जनसंघ को मजबूत किया, जो आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने साबित किया कि भारतीय दर्शन में राजनीति से लेकर अर्थव्यवस्था तक हर समस्या का समाधान मौजूद है। उनकी अंत्योदय की अवधारणा आज भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। मंत्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जैसीनगर आगमन के दौरान बरौदा सागर में नमो फल उद्यान का लोकार्पण होगा। उन्होंने आगे बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित इस उद्यान में अब तक 21 हजार फलदार पौधे रोपे जा चुके हैं, और भविष्य में 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। यह उद्यान प्रदेश में अपनी तरह का पहला प्रयास है, जो पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें क्षेत्रवासी पं. दीनदयाल की जन्म जयंती के अवसर पर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लेंगे। सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

मंत्री राजपूत ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देकर हम देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं जिले व क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जैसीनगर पहुंचकर कार्यक्रम को भव्य बनाने का आवाह्न किया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, डॉ. वीरेंद्र पाठक, डॉ. सुखदेव मिश्रा, ज्वाला खटीक सहित सुरखी विधानसभा और जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सेवा पखवाड़े के माध्यम से समाज सेवा के संकल्प को मजबूत करने का अवसर होगा।




## विश्वविद्यालय ; डॉ. आंबेडकर चेयर के द्वारा स्वच्छ भारत के तहत परिचर्चा का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. आंबेडकर चेयर के द्वारा आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2 अक्टूबर 2014 से प्रारंभ किया गया था । उसका परिणाम आज पूरे भारत में दिखाई दे रहा है । स्वच्छ वातावरण एवं स्वच्छ जल के कारण आज बीमारी दर में कमी आई है और इसका आर्थिक लाभ सभी को मिल रहा है । उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन हम सब की जवाबदारी एवं कर्तव्य भी है । कार्यक्रम में रामकृष्ण रजक, उमेश चादर, के सी रतिया, मनोज विश्वकर्मा, जितेंद्र, विशाल आदि उपस्थित थे कार्यक्रम में पर परिचर्चा के बाद परिसर में लगी गाजर घास की साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया ।

## नवरात्रि में सतनाम नर्सिंग होम में कन्या के जन्म होने पर सारा खर्च उठाएगा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सतनाम नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर गुरनाम सिंह और उपसंचालक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर त्रिपत कौर अपने सहज व्यवहार और कार्यशैली की वजह से आसपास सहित दूरस्थ ग्रामीण इलाकों से यहां अपना इलाज करने वालों के बीच खासे लोक प्रिय हैं। वहीं अगर डॉक्टर त्रिपत कौर की बात करें तो उनके द्वारा आज तक कोई भी प्रसव सीजर के माध्यम से नहीं कराया गया है, वह हमेशा ही सामान्य प्रसव कराती हैं इसको लेकर उनका कहना है की सर्जरी में अतिरिक्त खर्च आता है जिसका वहन शहर का कमजोर तबका और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीज नहीं कर पाते। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारे यहां सामान्य प्रसव ही किया जाता है, इस बात का उदाहरण उसे वक्त भी नजर आया जब डॉ कौर अस्वस्थ होने के बाद आईसीयू में थी और उनकी हालत नाजुक थी उनके द्वारा किए गए जन सेवा कार्यों की बदौलत और इन लोगों की प्रार्थनाओं के बल पर एक बार फिर डॉ कौर मरीजो का नियमित रूप से इलाज कर रही है, वहीं सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनी सिंग गुरोंन भी माता-पिता के इस पुण्य कार्य में किसी न किसी रूप में सहभागी बने रहते हैं, समय-समय पर मनी सिंग के द्वारा मरीज को राहत देने का प्रयास किया जाता रहा है। इस बार भी नवरात्रि के शुभ अवसर पर नर्सिंग होम की उपसंचालक डॉ कौर और जन सेवक मनी सिंग ने सतनाम नर्सिंग होम से जुड़े और यहां इलाज रत प्रसूति महिलाओं के हित में एक निर्णय लिया है। मनी सिंग का कहना है कि इस नवरात्रि में प्रतिपदा से लेकर नवमी के बीच एक प्रसूति महिला जो कन्या को जन्म देगी उसका पूरा खर्चा नर्सिंग होम द्वारा उठाया जाएगा। उसे किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मनी सिंग सिंह ने बताया की शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र प्रारंभ हो गए है अब हर कोई मां की भक्ति में लीन नजर आएगा। सनातन धर्म में नवरात्र में कन्या पूजन व कन्याओं का सम्मान करना पुण्य कार्य माना जाता है इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## स्वच्छता सेवा अभियान के तहत हुई स्वच्छता चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता



**रहली।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद रहली द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं कला के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया और स्वच्छता से संबंधित आकर्षक ड्राइंग बनाई गईं। प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत, स्वच्छ विद्यालय, हरित पर्यावरण, प्लास्टिक मुक्त भारत, आदि विषयों पर सुंदर चित्रकला निर्माण कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली में स्वच्छ उत्सव के उपलक्ष्य में एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमे 60 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था। इस रंगोली प्रतियोगिता में स्वच्छता, 3 आर कचरा पृथक्करण, 4 बिन प्रणाली, जल संरक्षण, पौधा संरक्षण और अन्य पर्यावरणीय विषयों पर आधारित रंगोली बनाई। प्रतियोगिता के आयोजन में स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर, स्वच्छता चैंपियन सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर परिषद् के अन्य अधिकारी की उपस्थिति रही।

## नगर में संचालित हो रहे हैं गांव के क्योस्क बैंक

**गढाकोटा।** गांव के नाम पर खुले बैंकों के ग्राहक सेवा केन्द्रों का संचालन नगर में किया जा रहा है। जिससे गांव के खाता धारकों को अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को अपना ही गांव छोड़कर नगर जाना पड़ता है। जिससे उनके समय और धन बर्बाद होता है ।तथा इसकी जानकारी बैंकों के मैनेजरों को भी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं करते है । ग्रामीण अंचलों में लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र पंचायत और नगर स्तर पर संचालित किया जा रहे हैं। लेकिन क्योंस्क संचालक अपने मूल स्थान छोड़कर दूसरी जगह बैठकर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं । संचालकों ने अपनी आईडी का उपयोग एवं उसका संचालन गांव को छोड़कर नगर में कर रहे हैं। वर्तमान में शासन की प्रमुख योजनाएं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सम्मान निधि , लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं का पैसा निकलवाने के लिए ग्राहकों को नगर में आना पड़ता है ।कभी-कभी सर्वर डाउन होने एवं भीड़ की वजह से घंटों इंतजार करके खाली हाथ लौट कर जाना पड़ता है ।यदि इस सुविधा का लाभ ग्रामीणों को अपनी पंचायत मिलना शुरू हो जाए तो उन्हें इतनी समस्या नहीं होगी।

## 'योगः अनुशासन से नेतृत्व की ओर' विषय पर योग शिविर के कार्यक्रम का आयोजन

# योग के अनुशासन का उद्देश्य है विचलित मन को उसकी प्रवृत्तियों से स्वतंत्र कर आनंद की अनुभूतिः डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश एवं 7 एमपी गर्ल्स वटालियन सागर के संयुक्त तत्वाधान में "योगः अनुशासन से नेतृत्व की ओर" विषय पर योग शिविर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय स्त्रीशक्ति, सागर की डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि "योग के अनुशासन का उद्देश्य है विचलित मन को उसकी प्रवृत्तियों से स्वतंत्र कर आनंद की अनुभूति।" योग अनुशासन से नेतृत्व के विकास के लिए, व्यक्तिगत और सामाजिक अनुशासन को अपनाना आवश्यक है। योग के अष्टांग अंगों (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) का पालन करने से व्यक्ति में मानसिक स्थिरता, इंद्रियों पर नियंत्रण और आत्म-जागरूकता बढ़ती है। जो एक मजबूत और प्रभावी नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण हैं। योग के नियमित अभ्यास से मन की चंचलता कम होती है और स्थिरता आती है, जो नेतृत्व के लिए आवश्यक है। योग अपने शरीर और मन के प्रति जागरूक बनाता है, जिससे व्यक्ति अपनी शक्तियों और कमजोरियों को बेहतर ढंग से समझ पाता है। योग तनाव कम करता है और आराम प्रदान करता है, जिससे एक शांत और केंद्रित मन बनता है, जो दबाव वाली स्थितियों में नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण है। अनुशासन आप को जोड़ता है, यह आपके बिखरे हुए अस्तित्व को स्वयं में पुनर्स्थापित करता है। अवसर पर विषिष्ट अतिथि स्वामी विवेकानंद विवि के संस्थापक कुलपति डॉ अनिल कुमार तिवारी ने कहा योग का नियमित अभ्यास न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह व्यक्तिगत अनुशासान को मजबूत करता है, जिससे व्यक्ति एक बेहतर और अधिक प्रभावी नेता बन सकता है। आज योग एक ऐसा शब्द बन चुका है जो हर जुबान को प्रिय है, एक ऐसा विषय बन चुका है जिसमें सबकी रूचि है। योग के प्रयोग को हर कोई अपनाना चाहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता 7 एमपी गर्ल्स वटालियन एनसीसी, सागर की मेजर प्रतिभा तिवारी द्वारा किया गया। योग के आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास, योग विभागाध्यक्ष डॉ गागन ठाकुर द्वारा कराया गया। जिसमें आपने सूर्य नमस्कार, ताणासन, अध्यकटिआसन, भुजंगासन, शसांकासन आदि से वटालियन की छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।




इस आवसर पर योगाचार्य सारिका शुक्ला, सुबेदार मेजर-सतीष कुमार, सीपीके राय, एएनओ अर्चना पाण्डेय, सुश्री नंदिनी शर्मा, सुश्री उर्मिला एवं एनसीसी की छात्र-छात्राओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 307 रही। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका विद्यावती तिवारी का निधन मुखाग्नि सुधीर तिवारी और सुदेश तिवारी ने दी



**सागर।** श्री सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय ट्रस्ट के सचिव और रिटायर्ड शिक्षक शुकदेव प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी विद्यावती तिवारी का सोमवार 22 सितंबर की सुबह निधन हो गया । लगभग 84 वर्षीय श्रीमती तिवारी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था । वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। वे अपने पीछे दो पुत्र सुधीर तिवारी प्राचार्य, एक्सीलेंस स्कूल सागर एवं वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई । उनके निधन पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव , मंत्री गोविंद राजपूत, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है। प्राथमिक कन्या शाला कटरा पडाव सागर की सेवानिवृत्त शिक्षिका तिवारी अधिकांश समय सागर में ही शिक्षक के रूप में पदस्थ रही। उनका अंतिम संस्कार गोपालगंज मुक्तिधाम में सोमवार को हुआ। मुखाग्नि उनके पुत्र सुधीर तिवारी और सुदेश तिवारी ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, बीजेपी जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व सांसद लक्ष्मी नारायण यादव, सुनील जैन, डा सुशील तिवारी, कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा, पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, भानु राणा, राजकुमार पचौरी, अमित राम जी दुबे, भोलेश्वर तिवारी, जी एल दुबे, सुरेंद्र चौधरी, सुधीर यादव, सुरेंद्र चौबे, डा अनिल तिवारी, रामवतार तिवारी, अशोक अहिरवार, अन्नी दुबे, कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, उमाकांत मिश्रा, गुरजीत सिंह अहलूवालिया, डा विनोद दीक्षित, डा महेंद्र प्रताप तिवारी, पप्पू तिवारी, डा डीपी चौबे, विक्रम मौर्य,डा अभय सिंघई, गोलू रिछारिया, सिंटू कटारे, यशवंत राजपूत, जी एल छत्रसाल, विनय मिश्रा, राजेश केसरवानी, मनीष गौतम, नरेंद्र चौबे, कोमल यादव, मुकेश जैन ढाना, मुकेश साहू, के के सिलाकारी, प्रदीप दुबे, ओ पी दुबे, राहुल साहू, संदीप सबलोक, शैलेंद्र ठाकुर, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, कमलेश बघेल, उमाशंकर रावत, पंकज सिंघई, अज्जू तिवारी, हरि चौबे, पत्रकार विनोद आर्य, गोविंद सरबेया, प्रवीण पांडे, संजय पांडे, अभिषेक यादव, ब्रजेश दुबे, अवनीश जैन, रिंकू सरवैया, विवेक जैन, अनुपम पटेरिया, राघवेन्द्र दुबे, अतुल तिवारी, बसंत सेन, मनोज नेमा, महेंद्र भट्ट, ब्रह्मदत्त दुबे, सूर्यकांत पाठक, रजनीश पांडे, प्रदीप चौबे, अजीत नाहर, अभिषेक तिवारी भारत सिंह, भगत सिंह, रामशंकर दुबे, जय प्रकाश सोनी, पारंग शुक्ला, राम शर्मा, गजाधर सागर, गोविंद राय, राकेश जैन, जितेंद्र चावला, हीरालाल चौधरी आदि शामिल होकर श्रंद्धाजलि अर्पित की। मुक्तिधाम में दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



## ध्यान से चुनौतियों से निपटने की शक्ति मिलती हैः कपिल मलैया

**सागर।** आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा मैजेस्टिक प्लाजा में आयोजित तीन दिवसीय सहज समाधि ध्यान योग शिविर का समापन हो गया। इस शिविर में कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि यह शिविर तीन दिनों तक प्रतिदिन दो सत्रों में संचालित हुआ। पहला सत्र प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक और दूसरा सत्र शाम 6:00 से 8:00 बजे तक रखा गया था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को न केवल ध्यान की प्रक्रिया समझाई गई बल्कि उन्हें अपना व्यक्तिगत मंत्र भी प्रदान किया गया, जिसके माध्यम से वे सहज रूप से ध्यान की अवस्था को अनुभव कर सकें। कपिल मलैया ने बताया कि सहज समाधि ध्यान योग का मुख्य उद्देश्य जीवन में शांति, संतुलन और ऊर्जा को बढ़ाना है। यह ध्यान व्यक्ति के मानसिक तनाव को कम करता है और भीतर से स्थिरता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा भरी जिंदगी में ध्यान का अभ्यास हर किसी के लिए जरूरी है, क्योंकि यह मन को शांत और शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल उपाय है। शिक्षक प्रवीण धुरिया ने बताया कि संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक ध्यान और योग की महत्ता को पहुंचाना है। इसके लिए समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाते हैं। सहज समाधि ध्यान योग शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से ध्यान का अभ्यास करने और अपने अनुभवों को दूसरों तक पहुंचाने की प्रेरणा दी गई।



## अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम चंद्रापुर खुरई विधान सभा में हुई संपन्न

**सागर।** अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक ग्राम चंद्रापुर खुरई विधान सभा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता काशीराम अहिरवार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि संरक्षक एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में फैली नशा की लत को समाज ने हम लोगों के प्रयास से नशामुक्ति की और समाजबंधु स्वयं नशा मुक्त हो रहें हैं और समाज अब सुधार की और अग्रसर हो रहा है। जब हम लोगों ने ग्राम बहरोल किरोला, कुल्ल, हनौता में अहिरवार महासभा की बैठक में आये लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया तो समाज ने खुद एकता कर थाना बहरोल में नशामुक्ति का ज्ञापन दिया कि हम लोग अब नशा मुक्त रहेंगे इसी प्रकार बहेरिया साहनी के लोगों ने भी प्रभावित होकर पूरे ग्राम वासियों ने नशा नही करने की शपथ ली। कार्यक्रम में राकेश अहिरवाल खाद्य अधिकारी दमोह ने बताया कि हमारे समाज के पढ़े लिखे युवा रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करें ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। शासन सभी युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया करा रही है। सभी युवा इसका लाभ जरूर लें। कार्यक्रम को डाक्टर राजकुमार अहिरवार,सीताराम अहिरवार, भगवान दास अहिरवार,कलू माते,शंकरलाल माते,गजेंद्र अहिरवार सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में लगभग 60 से 70 ग्रामों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में समाज गौरव पूर्व सांसद नंदलाल चौधरी के देवलोक गमन पर दो मिनिट का मौन धारण करके वरिष्ठ समाजसेवी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चयनित स्वच्छता लक्षित इकाई पर सफाई

# पहले किए देवी मां के दर्शन और फिर कराया कलेक्टर ने कचरा साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं जमीन पर उतरकर अभियान को सफलता बनाने के उद्देश्य से साफ सफाई करवा रहे है। अभियान के अंतर्गत चयनित किये गये स्वच्छता लक्षित इकाई सीटीयू की साफ-सफ़ाई कराई जा रही है। साथ ही लोगो से अपील भी की जा रही है कि इस अभियान में सहभागिता कर अभियान को जन आंदोलन बनाकर कार्य करें जिससे अपना मोहल्ला, वार्ड, शहर, तहसील, जनपद क्षेत्र और जिला साफ एबं स्वच्छ हो सके। कलेक्टर श्रोत्रिय ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन, स्वस्थ परिवार से ही जिला, प्रदेश व देश स्वस्थ एबं समृद्ध होगा। इसलिए जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग देना चाहिए।





### गंदगी से भरे हुए प्लॉट के मालिक से बात कर संरक्षित करने के दिए निर्देश

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 20 शिवशक्ति कॉलोनी में देवी मंदिर के बगल वाले प्लॉट में चयनित स्वच्छता लक्षित इकाई सीटीयू की कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा साफ-सफ़ाई कराई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने इस दौरान कॉलोनी में स्थित देवी मंदिर के दर्शन किये और फिर मंदिर के पास खाली पड़े प्लाट के मालिक से दूरभाष पर बात की। बात करने के दौरान प्लाट मालिक से प्लॉट को संरक्षित करने के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही उन्होंने अपील करते हुए वार्डवासियों को भी खाली प्लाट में कचरा नहीं फेंकने की सलाह दी।

### कचरे के ढेर व गंदगी से भरे स्थानों को रखा स्वच्छता लक्षित इकाई सीटीयू श्रेणी में

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत ऐसे स्थानों को स्वच्छता लक्षित इकाई सीटीयू की श्रेणी में रखा गया है। जहां कचरे का ढेर एवं गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है। और जिन स्थानों पर कचरा डला हुआ देखने की लोगो को पारंपरिक आदत हो गई है। नगरीय निकायों में चयनित स्वच्छता लक्षित इकाई वाले ऐसे ही स्थानों पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत साफ-सफाई जा रही है। साथ ही स्थानीयजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

### कचरे पर चलाई जेसीबी सफाई के बाद सोशल मीडिया पर की पोस्ट

कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश अनुसार नपा सीएमओ भदौरिया द्वारा जेसीवी मशीन के द्वारा देवी मंदिर के बगल वाले प्लॉट में चयनित स्वच्छता लक्षित इकाई सीटीयू की साफ सफाई कराई गई। इसके बाद अभियान अंतर्गत सोशल मीडिया पर कचरा सहित प्लॉट की फोटो और फिर सफाई के बाद की फोटो विफोर व आफ्टर रूप में शेयर की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक सहित संबंधित अधिकारी तथा नगर पालिका का अमला एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने टीएल में दिए निर्देश

# आदि कर्मयोगी अंतर्गत चौपाल लगाकर बनाएं ग्राम विकास योजना: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के जिले में आगमन के संबंध में की जा रहीं तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ड्यूटी आदेशानुसार अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिये। उन्होंने 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यक्रमों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 25 सितम्बर को आयोजित स्वच्छता जन आंदोलन में सभी की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में निर्माणाधीन नमो पार्क को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने शासन के निर्देशानुसार 25 सितम्बर को दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर पोषण मेला आयोजित करने के निर्देश दिये। आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि अभियान के तहत ग्राम चौपालें लगाई जायें तथा ग्रामवासियों के बीच बैठकर उनसे संवाद कर ग्राम के विकास की कार्ययोजना बनाई जाये। जिले में खाद आपूर्ति की जानकारी ली तथा जिले में प्राप्त रैक एवं आने वाले रैक को संबंधित स्थानों पर समय पर पहुंचाने के निर्देश दिये, जिससे खाद का वितरण सुचारू रूप से संचालित रहे। सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि पीएम आवास की लंबित सूची को अनुमोदित कर पीआईसी में दर्ज करायें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद अध्यक्षों के साथ बैठक कर आवास सूची पीआईसी में अनुमादित कराकर शीघ्र कलेक्टर कार्यालय भिजावाये, ताकि कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। उन्होंने बताया कि 23 सितम्बर को जिले में राज्यपाल प्रवास के कारण तहसील स्तरीय जनसुनवाई स्थगित की गई है लेकिन प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों में यथानुसार जनसुनवाई आयोजित की जायेगी। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन में विभागवार लंबित शिकायतों का बारीकी से अवलोकन कर कम प्रगति वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की तथा निराकरण हेतु सख्त निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि 2 अक्टूबर तक तहसीलों में लंबित अविवादित नामांतरण, बंटवारे के प्रकरणों को प्रमुखता से निराकरण कराये जायें। कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति, लोक सेवाओं के प्रदाय के गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त पत्रों के उत्तर भेजने, टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही, उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों में अभ्यावेदनों का समयसीमा में निराकरण व पंजी का संधारण सहित अन्य बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



# पुलिस का नशे पर प्रहार, 8 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

## नशे के विरुद्ध संचालित अभियान अंतर्गत कुड़ीला पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन में जिले में नशे के विरुद्ध सक्रिय रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिले के कुड़ीला थाना पुलिस द्वारा नशे पर प्रहार करते हुए अबैध शराब के बिरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिसमें शराब की पेटीयो समेत आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

एसपी मंडलोई के निर्देशन एबं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कुडीला पुलिस ने अवैध शराब के बिरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा कुड़ीला पुलिस को सूचना मिली थी कि कुड़ीला थाना अंतर्गत टौरे मोहल्ला निवासी रामप्रसाद लोधी अपने घर में अवैध शराब रखकर बेच रहा है। उक्त सूचना की पुष्टि के लिए थाना प्रभारी कुडीला उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह घोष की अगुवाई में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तब पुलिस को देखकर आरोपी रामप्रसाद भागने लगा, लेकिन सचेत पुलिस द्वारा उसे पकड़ लिया गया। ज़ब घर की तलाशी ली गई तो 8 खाकी कार्टून में 385 क्वाटर देशी शराब जप्त की गई। जिसकी मात्रा कुल 69.3 लीटर पाई गई। जप्त की गई अबैध शराब की कीमत लगभग 30 हजार 8 सौ रुपये आँकी गई है। आरोपी रामप्रसाद लोधी के पास शराब बिक्रय करने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं था। इसके बाद आरोपी रामप्रसाद लोधी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी रामप्रसाद लोधी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोषी, असलम, ताहिर खान, अभिषेक कुर्मी, वेदप्रकाश शर्मा, मनोज दुबे, सुनील कुमार, अशोक मरावी, चन्द्रकान्त उपाध्याय, अनिल महेडिय़ा और एनआरएस मिथलेश परसारिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एसपी मंडलोई ने दी ई-एफआईआर का घर बैठे लाभ उठाने की सलाह

## पुलिस सेवा में तकनीकी नवाचार, आमजन के लिए ई-एफआईआर सुविधा प्रारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आम नागरिकों की सुविधा एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रॉनिक प्रथम सूचना रिपोर्ट ई-एफआईआर सुविधा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक बिना थाने जाए, अपने घर व कार्यालय अथवा मोबाइल फोन से ही एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले वासियों से पुलिस के इस तकनीकी नवाचार का लाभ उठाने हेतु अपील की जा रही है। एसपी मंडलोई ने बताया कि ई-एफआईआर में ऑनलाइन सुविधा है जिसमें पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से चौबीसों घंटे पुलिस सेवा प्राप्त की जा सकती है। और शिकायत दर्ज होते ही एसएमएस या ई-मेल पर पावती भी प्राप्त की जा सकती है। एसपी मंडलोई ने बताया कि ई-एफआईआर स्वतः संबंधित थाना प्रभारी को भेजी जाती है। साथ ही शिकायतकर्ता अपनी ई-एफआईआर की स्थिति पोर्टल या ऐप से देख सकेंगे। ई-एफआईआर जिन अपराधों में की जा सकती है उनमे साधारण चोरी, वाहन चोरी, ऑनलाइन व साइबर धोखाधडी, महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराध, गुमशुदगी और अन्य गैर-गंभीर अपराध शामिल है। जबकि हत्या, डकैती, दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों में नागरिकों को नजदीकी थाने में जाकर ही एफआइआर दर्ज करनी होगी। एसपी मंडलोई ने ई-एफआईआर उपयोग की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर लॉगिन करें। फिर ई-एफआईआर दर्ज करें का विकल्प चुनें। आवश्यक विवरण भरकर सबमिट करें। और पावती नंबर प्राप्त करें। बीएनएस धारा 173(1)(कक) के अनुसार, यदि शिकायतकर्ता 3 दिनों के भीतर संबंधित थाना में उपस्थित नहीं होते हैं, तो ई-एफआईआर अस्वीकृत की जा सकती है।

## जनपद को बताया अवैध वसूली का अड्डा

# शंख बजाते हुए सरपंच संघ ने सौंपा जनपद सीईओ के विरुद्ध ज्ञापन

**टीकमगढ़।** जनपद की ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने राष्ट्रीय सरपंच संघ के बैनर तले कलेक्टोरेट के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ और इंजीनियरों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की। सरपंचों ने अपनी मांगों को लेकर जिला पंचायत सीईओ को एक ज्ञापन भी सौंपा है। शंखनाद करते हुए नारेवाजी कर ज्ञापन सौपने के बाद सरपंच संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बुंदेला ने आरोप लगाते हुए बताया कि टीकमगढ़ जनपद कार्यालय में जब से नए सीईओ ने पदभार संभाला है, तब से हर छोटे-बड़े काम के लिए पैसे लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहायक यंत्री सुरेंद्र अग्रवाल गुणवत्तापूर्ण कार्यों को भी खराब बताकर पैसे वसूलते हैं। सीईओ और सहायक यंत्री मिलकर नोटिस जारी कर वसूली का काम करते हैं। सरपंच संघ अध्यक्ष बुंदेला ने कहा कि जनपद कार्यालय पूरी तरह से अवैध वसूली का अड्डा बन चुका है। बिना पैसों के किसी भी कागज पर हस्ताक्षर नहीं किए जाते, जिससे ग्राम पंचायतो में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारी माप पुस्तिकाओं को अपने पास रखकर मध्य प्रदेश सरकार के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। सरपंचों ने आरोप लगाया कि अधिकारी उन्हें और आवास योजना के हितग्राहियों को परेशान करते हैं। सरपंचों को गुंडा और चोर कहा जाता है, जिससे वे भयभीत हैं और शिकायत करने कीहिम्मत नहीं जुटा पाते। सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे मंगलवार को राज्यपाल का घेराव करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



# खिरकापुरा से पकड़े गए दो जुआरी, दो भागे

**ललितपुर।** सदर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक प्रशांत राणा ने बताया कि वह अपने हमराह चेतन 06 में तैनात आरक्षी सूरज सिंह व पीआरडी भरत के साथ शान्ति व्यवस्था को लेकर मोहल्ला चौबयाना बड़े मंदिर के पास गश्त पर थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग खिरकापुरा स्थित शंकरजी मंदिर के पास ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर पहले रेकी की और यकीन होने पर दविश दे दी। दविश के दौरान मौके से दो जुआरियों को पकड़ लिया, जबकि दो भागने में कामयाब रहे। पकड़े गये जुआरियों ने अपने नाम मोहल्ला खिरकापुरा निवासी विवेक कुशवाहा पुत्र खूबचंद्र व करन कुशवाहा पुत्र सिरनाम कुशवाहा बताया। जबकि भागे हुये जुआरियों के नाम खिरकापुरा के ही निवासी अशोक कुशवाहा पुत्र चिप्पे व नरेन्द्र पुत्र चिप्पे बताये गये हैं। पुलिस ने जामा तलाशी के दौरान 480 रुपये व माल फड़ से 1150 रुपये और ताश के गड्डी बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### व्यापारी आत्महत्या प्रकरण में आज सौंपेंगे ज्ञापन

बजाज फाइनेंस कम्पनी के प्रकरण में शहर के सम्मानित व्यापारी शिवम राठौर की गिरफ्तारी और उनके पिता लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अब उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल आगे आया है। मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग के लिए 22 सितम्बर दिन सोमवार को सुबह 11 बजे एक आवश्यक बैठक श्रीजगदीश मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित की जा रही है। इस बैठक के उपरान्त व्यापारी एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक ज्ञापन उनके कार्यालय पहुंच कर सौंपेगा। उन्होंने सभी नेताओं और व्यापारियों से एकजुट होकर मामले की निष्पक्ष जांच और व्यापारी को न्याय दिलाये जाने के लिए ज्ञापन देने के लिए पहुंचने का आह्वान किया है।

## संगीतमय श्रीराम कथा आयोजन 24 सितंबर से

**ललितपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गोविन्द सागर बांध की तलहटी में स्थित श्रीसर्वेश्वर धाम आश्रम पर आगामी 24 सितम्बर दिन बुधवार से संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्मलीन श्री दिगम्बर नागा श्री अमावसगिरी महाराज के कृपा पात्र शिष्य अनन्त विभूषित जगतगुरू स्वामी डा.कृष्णगिरीजी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का अमृतपान कराया जायेगा। श्रीराम कथा के मंगलयम आयोजन में सर्वप्रथम श्रीगणेश पूजन व कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। नौ दिनों तक अपराह्न 1 से शाम 5 बजे तक अनवरत चलने वाली श्रीराम कथा का 1 अक्टूबर 2025 को विश्राम होगा। कथा विश्राम दिवस पर हवन पूजन, कन्या भोज किया जायेगा। यह जानकारी आयोजक/मुख्य यजमान धर्माचार्य, प्रान्तीय उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू महासभा महामण्डलेश्वर गिरीश बाबाजी महाराज ने दी है।


## 2 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा वनवे

# आगामी त्यौहारों और ट्रैफिक को देख बनाई गई दस दिवसीय अस्थाई मार्ग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी त्यौहारों एवं बाज़ार में भीड़ भाड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिये शहर में 22 सितंबर से 2 अक्टूवर तक 10 दिवसीय अस्थाई मार्ग व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें चयनित रास्तो को सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक वनवे कर दिया गया है। साथ ही रास्तो को डायवर्ट किया गया है जिससे व्यस्ततम रास्तो पर आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे। और जाम की स्थिति न बने।






### मिश्रा तिराहा से राजमहल तक का रास्ता किया गया वनवे

अस्थाई मार्ग व्यवस्था के तहत शहर के मिश्रा तिराहा से राज महल तक का रास्ता वन वे रहेगा। जिस पर वाहन मिश्रा तिराहा से लुकमान चौराहा से क्यामगाह तक जा तो सकेंगे लेकिन इसी रास्ते से वापस नहीं लौट सकेंगे। वाहनो को क्यामगाह से इंदिरा कालोनी होते हुए पानी की टंकी होते हुए ईदगाह मार्केट जाना होगा।

### इन रास्तों पर आवागमन सामान्य लेकिन रहेगा धीमा यातायात

क्यामगाह से राजमहल से होते हुए साहू धर्मशाला एवं राजमहल से ढोगा एवं नारिया मोहल्ला आने एवं जाने के लिए यातायात सामान्य रहेगा। नरैया मोहल्ला, पुरानी नगर पालिका, जेठा चौराहा तक वाहनों की आवाजाही सामान्य रहेगी। जेठा चौराहे से स्टेट बैंक एवं हवेली रोड आने जाने का रास्ता भी सामान्य रहेगा। इन रास्तो पर कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### इन रास्तो पर चार पहिया, टैक्सी व ट्रेक्टर वाहन प्रतिबंधित

शहर के लुकमान चौराहा से नज़ाई मंडी, जवाहर चौक, पुरानी नगर पालिका एवं स्टेट बैंक चौराहा से जवाहर चौक, राजमहल के रास्ते पर चार पहिया बाहनो, टैक्सी एबं ट्रेक्टर बाहनो का आवागमन प्रतिवंधित कर दिया गया है। इन वाहनो को उक्त रास्तो पर जाने की सलाह नहीं दी गई है। उपरोक्त रास्तों पर सिर्फ दो पहिया वाहनों का आवागमन सुलभ रहेगा। शेष वाहनों के आवागमन के लिये वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किये जाने के लिये कहा गया है।

### पपौरा चौराहा से जेठा चौराहा तक रास्ता किया गया बंद

चार पहिया व भारी बाहनो को शहर के अंदर से आवागमन करने के लिये पूर्णतः रास्ता बंद कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा कहा गया है कि टीकमगढ़ से कुंडेश्वर जाने बाले राहगीरो के लिये डायवर्टेड रूट सुनिश्चित किया गया है। जिसमें प्रशासन द्वारा सलाह दी गई है कि वह अस्पताल तिराहा से अंबेडकर तिराहा होते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप, बतख तिराहा से बंडा बाईपास होते हुए तालाब वाले रास्ते से पीजी कॉलेज के रास्ते कुंडेश्वर जा सकते हैं।

### जब जब होती है सफाई तब तब और अधिक परेशानी में आ जाते हैं इस बस्ती के निवासी

# नगर पालिका की लापरवाही से नारकीय जीवन जीने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कैसे जीते हैं भला, इनसे सीखो ये कला, कैसे जिंदा है ये लोग कैसे शर्मिंदा है ये लोग। हिंदी फिल्म के गाने की यह पंक्तियां वार्ड 18 जनता नगर में रहने वाले लोगों पर सटीक बैठती है। कहने को तो यह लोग पक्के मकान बनाकर रह रहे है लेकिन देखने पर ऐसा लगता है कि किसी घूरे के ढेर पर बसे हुए हैं। दरअसल यहां के लोग नगर पालिका की उपेक्षा का दंश अपने स्वास्थ्य से खिलवाड के रूप में भुगत रहे हैं।

कहने को तो स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री से लेकर एक पार्षद तक और आला अधिकारी से लेकर अदना कर्मचारी तक स्वच्छता का पाठ दूसरों को पढ़ाता दिखता है गाहे बगाहे प्रधानमंत्री का फोटो टांगकर सडक पर झाडू लगाने, सफाई करने की नौटंकी खूब खेली जाती है। इन दिनों सेवा पखवाड़ा के नाम पर स्वच्छता संबंधित अभियान खूब चल रहा है स्कूल और कॉलेजों में अभियान के तहत रोजाना आयोजन किए जा रहे हैं। इस तरह की ही साफ सफाई के बूते नगरों को अब स्वच्छता रैंटिंग भी दी जा रही है। विगत कुछ सालों से इसी कारण श्योपुर नगर पालिका स्वच्छता रैटिंग में लगातार गिरावट देखी जा रही है। स्वच्छता रेंटिंग सुधरने के बजाए अधिक बिगड़ क्यों रही है इसका कारण अगर आपको जानना है तो जनता नगर में घूरे के ढेर पर बसी बस्ती को देखना पड़ेगा जहां के लोग कैसे गंदगी के बीच नारकीय जीवन जीन को मजबूर बने हुए हैं।



#### पूरे जिले के मच्छर भगाने वाले सबसे अधिक परेशान

वार्ड क्रमांक 18 जनता नगर में सोना लोज के पीछे वाले नाले से बस्ती के लोग तो परेशान है ही पुराना अस्पताल परिसर में रहने वाले डॉक्टर भी परेशान हैं। इस नाले ओर कचरे से उड़ने वाली बदबू और मच्छरों के कारण अस्पताल परिसर में बीमारियां पनप रही हैं। नाले के सबसे नजदीक क्वार्टर जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर एसएन बिंदल का है जो सबसे अधिक परेशान रहते हैं नाले से उड़ती बदबू के कारण घर में रहना भी मुश्किल हो जाता है ऊपर से मच्छरों के काटने का दुख अलग से है हालांकि जिला मलेरिया अधिकारी जिले भर में पानी से भरे गड्ढे में दवाइयां डालकर और लोगों को जागरुक कर मलेरिया से बचा रहे हैं लेकिन उनके घर के पास जिस तरह मलेरिया का फैलाने वाला साधन खड़ा हुआ है उसका इलाज शायद उनके पास भी नहीं है।

#### सफाई होती है पर कचरा नहीं उठता

सोना लॉज के पीछे से नाला जनता नगर से होता हुआ बडौदा रोड पर निकलता है इस नाले की सफाई नही होने से पानी ऑवरफलो होकर अस्पताल वाले क्षेत्र में बने मकानों के भीतर तक घुस जाता है शिकायत होने पर नगर पालिका सफाई तो करती है लेकिन कचरा उठाकर नही ले जाती। नाले का कचरा घरों के पास ही डालकर इतिश्री कर ली जाती है। यह कचरा बाद में वापस नाले में आकर गिर जाता है या घरों में हवा के माध्यम से घुसकर गंदगी फैलाने का काम कर रहा है। जब भी शहर में नाला सफाई का अभियान चलाया जाता है तो शहर भर के नालों का कचरा ट्रैक्टर ट्राली में भरकर टचिंग ग्राउंड पर ले जाया जाता है लेकिन इस नाले का कचरा निकाल कर नाले के किनारे डालकर छोड़ दिया जाता है। जिससे नाले के दोनों और कचरे के ऊंचे ऊंचे पहाड़ खड़े हो गए हैं जो बीमारी फैलाने का काम कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

यह बात सही है कि सोना लोज के पीछे वाले नाले के आसपास कचरा जमा ही रहता है, पर यह कचरा नपा नहीं डालती है इसे बस्ती वासियों द्वारा डाला जा रहा है। जब भी वार्डवासियों से सूचना मिलती है कचरा एकत्रित कर टचिंग ग्राउंड पर भेजा जाता है।

**सत्यभानू जाटव**
**स्वास्थ्य ऑफिसर नपा श्योपुर**

---

### जनपद अध्यक्ष के इलाज को लेकर स्टाफ और परिजनों के बीच गाली गलौज और धक्का मुक्की

# जिला अस्पताल में इलाज को लेकर हंगामा जनपद अध्यक्ष पति समेत तीन पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल में बीती रात को उस समय हंगामा हो गया,जब श्योपुर की जनपद अध्यक्ष रीना मीणा को अचानक तबीयत खराब होने पर उसके परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज की बात को लेकर जनपद अध्यक्ष रीना मीणा के परिजन और अस्पताल में मौजूद डयूटी स्टाफ के बीच गाली गलौच और धक्की मुक्की हो गई। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ का आरोप है कि जनपद अध्यक्ष के परिजनों ने मरीज का इलाज शुरू करने के बाद भी स्टाफ के साथ गाली गलौच और धक्का मुक्की कर दी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने जनपद अध्यक्ष रीना मीणा के पति आशीष मीणा और देवर समेत तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर जनपद अध्यक्ष रीना मीणा का कहना है कि मेरे खुद के इलाज में अस्पताल स्टाफ के द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई है। जिसकी शिकायत कलेक्टर से की जाएगी।

20 सितंबर को रात्रि के पौने 11 बजे के करीब जनपद अध्यक्ष रीना मीणा की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद परिजन इलाज के लिए उन्हें रात्रि के दौरान जिला अस्पताल लेकर आए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष के परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ प्रेमराज मीणा ने इस घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि मरीज के इमरजेंसी कक्ष में पहुंचते ही ड्यूटी स्टाफ ने इलाज शुरू कर दिया। इसके बाद भी जनपद अध्यक्ष के परिजनो ने स्टाफ के साथ गाली गलौच और धक्का मुक्की करते हुए न सिर्फ शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया,बल्कि मरीज की नाक से राइल्स ट्यूब को जबरदस्ती खींच लिया। इससे मरीज की नाक और मुंह से खून आने जैसी अनहोनी भी हो सकती है। सूचना देकर अस्पताल चौकी से पुलिसकर्मी को भी बुला लिया गया,लेकिन जनपद अध्यक्ष के परिजन ने पुलिसकर्मी सुरेन्द्र के साथ भी अभद्रता करते हुए धक्का मुक्की कर दी। कोतवाली टीआई सतीश चौहान ने बताया कि इस मामले में डॉ प्रेमराज मीणा की रिपोर्ट पर आशीष मीणा निवासी नागदा, आशीष मीणा का छोटा भाई तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।




#### इलाज में बरती लापरवाही,कलेक्टर से करूंगी शिकायत:रीना

इस मामले में जनपद अध्यक्ष रीना मीणा ने जिला अस्पताल के ड्यूटी स्टाफ पर एक जनप्रतिनिधि के इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर इस मामले की शिकायत करने की बात कही है। जनपद अध्यक्ष रीना मीणा ने बताया कि रात को अचानक घबराहट की शिकायत होने पर परिजनों के साथ जिला अस्पताल पहुंची, जहां ड्यूटी स्टाफ ने इलाज में लापरवाही बरतते हुए मेरी नाक में जबरदस्ती नली डाली दी। जबकि नाक में नली फूड पॉइजिंग या फिर कोई जहरीला पदार्थ खाने की स्थिति में डाली जाती है। लेकिन मेरे साथ ऐसी कोई स्थिति नहीं बनी थी। इस लापरवाही की शिकायत जन सुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से करूंगी।

---

## ससुराल में नवविवाहिता ने खुद को कमरे में बंद कर लगाई आग मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र के गांव सिरसनबाडी में एक नवविवाहिता ने अपने आपको कमरे में बंद करके आग के हवाले कर दिया। नव विवाहिता ने अपने आपको आग क्यों लगाई,इसका तो फिलहाल पता नहीं है,लेकिन नव विवाहिता की इलाज के लिए ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कराहल टीआई यासमीन खान ने बताया कि ग्राम सिरसनवाडी निवासी नव विवाहिता लक्ष्मी आदिवासी 21 वर्ष पत्नी अरूण आदिवासी कुछ दिन पहले ही पति के साथ मायके से ससुराल आई थी। रविवार की शाम को लक्ष्मी ने अपने आपको को कमरे में बंद करके आग के हवाले कर दिया। जिसका पता चलने पर परिजन आग बुझाकर विवाहिता को इलाज के लिए कराहल अस्पताल लेकर आए,जहां से उसे जिला अस्पताल और फिर जिला अस्पताल से ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। ग्वालियर ले जाते समय नव विवाहिता की रास्ते में मौत हो गई। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

### तीन साल पुराने मामले में श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला, 5 दोष मुक्त

## मारपीट के मामले में दो दोषियों को दो साल का सश्रम कारावास,12 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के अपर सत्र न्यायालय ने तीन साल पुराने मारपीट के एक मामले में सोमवार को फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को दो-दो साल के सश्रम कारावास और 12 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी है। साथही 5 आरोपियों को सबूतों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

यह मामला देहात थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक



राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि देहात थाना क्षेत्र के गांव आसीदा में 13 दिसंबर 2022 को विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के लोगो ने एक राय होकर दूसरे पक्ष के लोगों की लाठी गडासी से मारपीट कर दी। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और चालान श्योपुर न्यायालय में पेश किया।अपर सत्र न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान अजय पुत्र बाबूलाल मीणा, बाबूलाल मीणा पुत्र हजारीलाल मीणा निवासी आसीदा को दोषी मानते हुए दो दो साल के सश्रम कारावास और 6-6 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है।साथही विजय, उद्देश्य, दुर्गाशंकर, रामेश्वर, छोटेलाल को शंका का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है।

---

## खेत से पैदल चलकर घर पहुंचे युवक की अचानक गिरने से मौत

**बड़ौदा थाना क्षेत्र का मामला,पुलिस ने शुरू की मौत के कारणों की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र में एक युवक की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई।युवक खेत से पैदल चलकर अपने घर पहुंचा था,अचानक घर के सामने नीम के पेड नीचे बेसुध होकर गिरा पडा,परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बडौदा थाना पुलिस ने सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बडौदा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बडौदा थाना क्षेत्र स्थित सारसिल्ला का माड निवासी अशोक 34 वर्ष पुत्र सतवीर सिंह जाट रविवार की देर शाम को खेत से पैदल चलकर घर पहुंचा था, तभी अचानक वह घर के सामने लगे एक नीम के पेड के नीचे बेसुध होकर गिर पडा। जिसका पता चलने पर परिजन उसे तत्काल उठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों को समझ नहीं आ रहा है कि अशोक की अचानक से मौत कैसे हो गई।

---

## पाली रोड, चंबल, मुधवन नगर व शिवनगर के फीडर बंद रहेंगे

श्योपुर।श्योपुर शहर में विधुत आपूर्ति की गुणवत्ता बढाने के उद्धेश्य से बायपास रोड से पाली रोड तक लाइन मेंटीनेंस का कार्य किया जायेगा, जिसके चलते 23, 24 एवं 25 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पाली रोड, चंबल फीडर, मधुवन नगर फीडर एवं शिवनगर फीडर से विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। प्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण केन्द्र श्योपुर शहर की ओर से जारी सूचना के अनुसार 11 केव्ही पाली फीडर के गांधीनगर, खरंजा, बजाज नगर, बायपास रोड, मधुवन कॉलोनी, जयश्री पैलेस कॉलोनी, पीली कोठी, हैवी मशीनरी टीनशैड, चंबल कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, मार्गा कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, प्राची नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी, 11 केव्ही चंबल फीडर के महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी, चंबल कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, नर्सरी के सामने पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहन जी बगीची, चिंताहरण हनुमान मंदिर, वार्ड नंबर 10, 11 केव्ही मधुवन नगर फीडर के मधुवन नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी, रेलवे फाटक, एफसीआई गोदाम एरिया तथा 11 केव्ही शिवनगर फीडर के विकास नगर, हाउसिंग बोर्ड, केन्द्रीय विद्यालय, शिवपुरी रोड चुंगी नाके तक, पटवारी कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे

---

## मानपुर पीएचसी में लगा रक्तदान शिविर टीआई समेत 10 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवा पखवाडे के तहत आयोजित कार्यक्रम श्रंखला में सोमवार को मानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव समेत 10 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में अतिथि के रूप में पहुंचे लोगो ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदानदाताओं को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। बताया गया है कि शिविर में एकत्रित हुए 10 यूनिट रक्त को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में पहुंचा दिया गया है। जहां इस रक्त का उपयोग जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए किया जाएगा।



---

## जितेंद्र गोयल बने अग्रवाल समाज ढोढर के अध्यक्ष,रामू मंत्री मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अग्रवाल समाज ढोढर की एक बैठक सोमवार को ढोढर स्थित अग्रवाल समाज धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें अग्रवाल समाज ढोढर के पदाधिकारी सहित बडी संख्या में समाजीय लोग उपस्थित थे। इस बैठक में अग्रसेन जयंती मनाते हुए अग्रवाल समाज ढोढर की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से जितेन्द्र गोयल उर्फ पिंटू को अग्रवालज समाज ढोढर का नया अध्यक्ष चुना गया है। वहीं रामू गर्ग को मंत्री नियुक्त किया गया है। बैठक में उपस्थित समाजीय लोगो ने नव नियुक्त अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाते हुए स्वागत किया। इस दौरान नव नियुक्त अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने सभी समाजीय बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वे ढोढर में अग्रवाल समाज की एकता को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगे और सभी के सहयोग से सामाजिक कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न कराए जाएंगे। इस बैठक में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र गर्ग,पूर्व मंत्री विष्णु गर्ग, सरपंच नारायण गोयल, भरोसी लाल गर्ग, नारायण गर्ग, रवि गोयल, शकुन गोयल, मोहन बाबू गोयल, अनिल गर्ग, त्रिलोक गोयल, राजेश गोयल, देवेश गोयल, मोनू गोयल, गोविंद गोयल, राहुल गोयल, संजय मित्तल, दीपक गोयल, महावीर गोयल, कैलाश मित्तल, सुनील सिंघल आदि समाजीय लोग मौजूद थे।




---

### चल समारोह निकाल कर पंडालों तक पहुंचाई मूर्तियां

# घट स्थापना के साथ शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त,जगह-जगह पंडालों में विराजी मातारानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर.

शारदीय नवरात्र पर्व पर सोमवार को देवी मंदिरों और घरों में अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शक्ति की भक्ति और उपासना शुरू हो गई और श्रद्धालु मां की भक्ति में तल्लीन हो गए। शहर में बैंडबाजे के साथ चल समारोह निकालकर डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर सजे पांडालों में विधिविधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। दुर्गा पांडालों में आरती के समय दर्शनार्थियों की खासी भीड़ जुटी। इसके साथ ही नवरात्रि के दौरान अध्यात्म और भक्ति की बयार के बीच आकर्षक झांकियां, जगराते, सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांडिया नृत्यों की धूम शुरू हो जाएगी। उधर श्रद्धालु भी शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है।

शहर में नवरात्र प्रतिपदा पर दुर्गा प्रतिमाओं के चल समारोह के लिए विभिन्न मोहल्ला समितियों की ओर से सुबह जल्दी ही तैयारियां शुरू कर दी गईं। देवी प्रतिमाओं को जहां से चल समारोह निकाला जाना था पहले वहां पहुंचाया। बाद में बैण्डबाजों के साथ चल समारोह निकलने शुरू हो गए। चल समारोह में रंग-गुलाल उड़ाते और बैंडबाजों की मधुर धुनों पर झूमते-नाचते देवी के भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रमुख मार्गों से होते हुए चल समारोह अपने-अपने पांडालों में पहुंचे। जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समिति के पदाधिकारियों ने विधिविधान से दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की और पूजा-अर्चना के साथ आरती उतारी।



#### डांडिया में बिना बुलाए पहुंचने वालों मेहमानों की खबर लेगी पुलिस

नवरात्रि उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने निर्देश में पुलिस ने शहर सहित जिलेभर में सजाए गए मां दुर्गा के पांडोला में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। वहीं उन स्थानों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएंगे,जहां गरबा डांडिया सहित अन्य कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया है कि डाडियां नृत्यो में जो लोग बिना बुलाए मेहमान बनकर पहुंचे,उनके खिलाफ आयोजन समिति की शिकायत पर कडी कार्रवाई की जाए।

#### अंचल में भी सजे माता के दरबार

जिला मुख्यालय के साथ ही अंचल के बड़ौदा, विजयपुर, वीरपुर, कराहल, सहित अन्य गांवों और कस्बों में भी मातारानी के पांडाल सजाए गए हैं। क्षेत्र में पनवाड़ माता मंदिर और दुर्गापुरी माता मंदिर पर इन नौ दिनों में भारी भीड़ भाड़ रहती है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय पंचायत प्रशासन द्वारा पीने के पानी व साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की है।

#### इस बार 9 नहीं 10 दिनो तक रहेगी नवरात्रि की धूम

यूं अक्सर नवरात्रि महोत्सव की धूम नौ दिनों तक बनी रहती है, लेकिन इस बार नवरात्रि महोत्सव की धूम 9 के बजाए 10 दिनों तक बनी रहेगी। पंडितों के मुताबिक इस बार नवरात्रि के दौरान एक तिथि बढ गई है। इसलिए नवरात्रि का पर्व इस बार 9 के बजाए 10 दिन हो गया है। नवरात्रि का बढना काफी शुभ माना जाता है।

#### इन स्थानों पर सजे मां के दरबार

शारदीय नवरात्र के मौके पर घटस्थापना के साथ ही नगर के फक्कड़ चौराहा, वार्ड क्रमांक 10, कॉलेज के पास, चंबल कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, रेलवे क्रॉसिंग के पास शिवनगर कॉलोनी, गांधी पार्क, पंडित पाड़ा, चिंताहरण हनुमान मंदिर पुल दरवाजा, हरिजन मोहल्ला, आनंद नगर,सलापुरा तथा जेल के पीछे स्थित न्यू कलेक्ट्रेट कॉलोनी में भी मातारानी के भव्य दरबार सजाए गए हैं।

---

## भारत विकास परिषद शाखा गुना के संस्कृति सप्ताह का सुंदर कांड पाठ से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारत विकास परिषद शाखा गुना के संस्कृति सप्ताह का शुभारंभ श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर पर सुंदर काण्ड पाठ से आरंभ हुआ। भारतीय संस्कृति और संस्कारों को समर्पित संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष पितृ पक्ष एवं शक्ति और साधना के पर्व पर संस्कृति सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इसी का प्रथम कार्यक्रम 19 सितंबर को श्री पंचमुखी मंदिर में संध्या कालीन आरती पश्चात संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ से किया गया। इस कार्यक्रम में परिषद परिवार बच्चों सहित उपस्थित रहे। पूज्यनीय सियाराम महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर प्रांगण में उत्सव का माहौल बन गया। पाठ के उपरांत फल और बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया।पितृ पक्ष का महत्व नई पीढ़ी तक पहुंचे इसके लिए परिषद द्वारा ₹पितृ पक्षः धार्मिक,आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता रखी गई। यह आयोजन मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल में आयोजित किया गया। इसमें परिषद परिवार के बच्चे एवं स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। यह आयोजन परिषद परिवार की महिला शक्ति जिनमें श्रीमती रीना सक्सेना गतिविधि संयोजक महिला सहभागिता, भावना श्रीवास्तव संयोजक संस्कृति सप्ताह, श्रीमती भारती चौहान, डॉ.श्वेता अरोरा एवं समस्त महिला मंडल के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सप्ताह भर आयोजित संस्कृति सप्ताह में 21 सितंबर को बच्चों व महिलाओं के लिए भारतीय परंपरा के अनुसार भारतीय वेशभूषा प्रदर्शन प्रतियोगिता माडर्न चिल्ड्रन स्कूल में सायं 7:30 बजे से आयोजित की जाएगी। 22 सितंबर को सर्वे भवन्तु सुखिनः की प्रार्थना के लिए सार्वजनिक दीपदान सायं 7 बजे सिंगवासा तलाब पर किया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## धूमधाम से निकली मां जागेश्वरी की रजत पालकी यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**बीना।** नवरात्रि के पहले दिन शहर में मां जागेश्वरी की रजत पालकी यात्रा निकाली गई। भक्तों ने मां की चांदी की पालकी में विराजमान कर पालकी को कांधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराया। श्रद्धालुओं ने पूजन आरती कर मां का स्वागत किया। वहीं मां जागेश्वरी शक्तिपीठ को फूलों से सुंदर तरीके से सुसज्जित किया गया। मां जागेश्वरी की रजत पालकी सुबह 9 बजे मां शक्ति पीठ से प्रारंभ हुई। यात्रा मां जागेश्वरी मार्ग होते हुए सर्वोदय चौक, कॉलेज तिराहा, गांधी चौराहा एवं महावीर चौक से वापस शक्तिपीठ पर पहुंची। जिसके बाद मां की महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। यात्रा का शहरवासियों ने पूजन एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पालकी यात्रा में शाडोरा की धमाल पार्टी शामिल रही। इसके अलावा राजस्थान से राजस्थानी कलाकारों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सागर, खुरई एवं बीना से आए अखाड़े में शामिल कलाकार करतब दिखाते हुए चल रहे थे। मुंगावली की ढपला पार्टी पर लोग थिरकते हुए चल रहे थे। गुना से आया सरदार बैंड मां के भजनों की शानदार प्रस्तुति देते हुए चल रहा था। इसके अलावा सागर एवं स्थानीय बच्चियों एवं महिलाओं के द्वारा गरवा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी जा रही थी। तोप से मां की पालकी एवं यात्रा में शामिल पुष्प वर्षा की जा रही थी। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए तो डीजे एवं बैंड की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे।

## दो बाइक आपस में टकराईं

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अतर्गत कदवाया रोड़ पर ग्राम बुढ़िया के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में दोनों बाईक सवारों को चोटें आई हैं। एक पक्ष की ओर से प्रेमी पुत्र प्राण सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67 एमजे 0301 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसको टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से उमेश पुत्र भागीरथ केवट निवासी गहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टीव्हीएस बाईक के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मारी दी जिससे उसे चोटे आईं हैं।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से आई पाठशालाओं के बच्चों ने की शिरकत

# 5 हजार बच्चों ने भारत की संस्कृति, वीरता, त्याग बलिदान और आत्मरक्षा की झांकी की प्रस्तुत













हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रविवार का दिन अशोकनगर के लिए एक अदभुत और अनोखा दिन था। जब किसी ने सोचा भी नहीं था कि देशभर में मुनि श्री सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित होने वाली पाठशालाओं के बच्चे शिक्षा और संस्कार की झांकी प्रस्तुत करेगें। यह आयोजन एक कौतुहल का विषय था। इस मौके पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा में पाठशालाओं के बच्चे त्याग, वीरता, बलिदान, सस्कार, संस्कृति और शिक्षा की अदभुत प्रस्तती सांस्कृतिक रूप से प्रस्तुत करते हुए नजर आए।

### कईं शहरों की पाठशालाएं राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुईं

पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय अखिल भारतीय पाठशालाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। यह पाठशालाएं देशभर के अनेक शहरों में संचालित हो रही हैं। श्रमण संस्कृति पाठशाला अधिवेशन के इस आयोजन में भोपाल, बनैठा, टौंक, तैंदूखेड़ा, केसरी, ग्वालियर, भीलवाड़ा, कुरवाई, जबलपुर, नैनवा, जैसीनगर, पनागर, मुंगावली, भानगढ़, बीना, सिरोंज, खनियांधाना, महरौनी, विदिशा, देवरी, सागर, शिवपुरी, धौलपुर, पैंडारोड, गेरतगंज, मालथौन, ललितपुर, टीकमगढ़ कोटा, मुरैना ,खिमलाशा, दमोह, इन्दौर आदि स्थानों की पाठशालाओं के संचालकों,दीदीयों और बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर कईं इकाईयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। जिसमें सखी मंगल गीत गाओ रे, मोहे काला टीका लगाओ रे, की प्रस्तुती दी गई। दमोह पाठशाला के बच्चों ने जूनागढ़ में सज गए देखो तोरण द्वार, डोली लाए नेमीकुमार की प्रस्तुती प्रदान की। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सभी इकाईयों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जैन समाज के पदाधिकारियों के साथ पुण्याजक परिवार के रूप में पवन जैन पत्रकार द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर रविवार की सुबह शहर की सड़कों पर 6:30 बजे से 9:30 बजे तक 3 किलोमीटर लंबी एक आर्कषक पाठशालाओं के बच्चों की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा की शुरूआत अशोकनगर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 से की गई। जो तायड़े कॉलोनी, शशीन्द्र राणा पार्क, फुट ओवर ब्रिज, गांधी पार्क, पुराना बाजार, प्रोशेसन रोड, सुराना चैराहे इन्द्रा पार्क के मार्गों से होती हुई मंगल गार्डन पहुंची। मुनिश्री सुधासागर जी महाराज शहर के गांधी चैक पर श्रद्धालुओं के साथ इन पाठशालाओं की प्रस्तुती का अवलोकन करते हुए नजर आए। इन पाठशालाओं के चल समारोह में जहां छोटे छोटे बच्चे अपने हाथों में बैण्ड वादन कर दिव्य घोष करते हुए नजर आए। इस मौके पर महिलाओं ने तलवारवाजी अखाड़ै का प्रदर्शन किया। त्याग और बैराग्य जीवन में कैसे प्राप्त होते हैं इसकी झांकी भी दिखाई गई।










### गुरू के मुख से निकली हुई हर बात जितनी भी बार सुनी जाए हमेशा ताजा होती हैः मुनिश्री





इस मौके पर मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने पाठशालाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू का जीवन में विशेष महत्व है गुरू के मुख से निकली हुई बात जितनी बार भी सुनी जाए हमेशा ताजा रहती है। वह कभी पुरानी नहीं होती। गुरू शिष्य का संबंध जो हमेशा से रहता आया है वही है। वस्तु वही है, शब्द वहीं है, कथा वही है, जितनी बार भी सुनी जाए उतनी बार वह हमेशा नई है। शिष्य के अनुभव में जब-जब भी कोई बात आती है तो वह आशावाद रूपी होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम मंदिर में जाकर मूर्ति के दर्शन कर ऊर्जा प्राप्त करते हैं उसी तरह गुरू के पास जाने से भी हमें कुछ नया मिलता है। गुरू हमेशा नया रास्ता दिखाते हैं और नई सोच अपने शिष्यों में पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि रोटी वही थी लेकिन भूख ने उसे ताजा कर दिया। उसी तरह ने गुरू ने अपने शिष्य में ललक देखी और उपदेश को नया कर दिया। इस मौके पर उन्होने देशभर की पाठशालाओं से आए बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि जाओ तुम्हारी जिंदगी सुखी हो।

### मुनि श्री ने गांधी चौक से सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित बने स्वेदशी वस्त्रों की प्रस्तुती भी प्रदान की गई। कुछ इकाईयां हाथ ठेले पर गौशाला का प्रदर्शन करते नजर आईं, कईं पाठ शाला के बच्चों के हाथों में तख्तीयां थीं जिसमें स्लोगन लिखे थे इंडिया नहीं भारत कहो। इसी प्रकार एक वाहन में मिसायलों को दिखाया गया था, इसके अलावा देश की उन्नती और आगे बढ़ते हुए कदम भी चल समारोह में दिखाई पड़े। गांधी पार्क पर इन बच्चों के लिए स्वागत के लिए जहां मुनिश्री उपस्थित थे वहीं जैन श्रद्धालुओं में भी अपार उत्साह देखा गया। फल,बिस्कुट, मिठाईयां और मेवा लेकर श्रद्धालु बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए नजर आए। सुनहरे रंग-बिरंगे फुलहारी की वर्षा की गई। एक नजारा ऐसा भी देखा जिसमें बच्चों का श्रद्धा भाव इतना अपार था कि वह रैली का पथ छोड़कर गुरूवर की आराधना करने के लिए स्टेज के पास तक पहुंच गए, परन्तु गुरूवर ने उन्हें अनुशासन नहीं तोड़ने के लिए निर्देशित किया।

### प्रथम पुरूस्कार अशोकनगर पाठशाला को प्रदान किया गया

पाठशाला सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए निर्णायक मंडल के द्वारा जिसमें अशोकनगर पाठशाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जहां चर्तुविद संघ की प्रस्तुती प्रदान की गई थी। दूसरा स्थान ललितपुर उत्तरप्रदेश को प्राप्त हुआ और तीसरा स्थान सबाईमाधौपुर राजस्थान को प्राप्त हुआ।

# रेल महाप्रबंधक से विधायक सप्रे ने की मुलाकात, 7 सूत्रीय मांगों को रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**बीना विधायक निर्मला सप्रे ने रेलवे महाप्रबंधक से की मुलाकात, क्षेत्र की मांगों के शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन**

विधायक निर्मला सप्रे ने सोमवार को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय से भेंट कर बीना नगर और आसपास के नागरिकों की वर्षो से लंबित समस्याओं और बुनियादी आवश्यकताओं को विस्तार पूर्वक रखा। विधायक ने कहा कि बीना नगर चारों ओर से रेलवे लाइनों से घिरा हुआ है, जिससे आमजन को आवाजाही में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रेलवे से जुड़े अधूरे निर्माण कार्य, अंडरब्रिज और ओवरब्रिज की कमी, प्रकाश व्यवस्था और निकासी की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। विधायक ने महाप्रबंधक के समक्ष स्थानीय रेलवे स्टेशन के दोनों ओर बने रेलवे फाटकों पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य, नगर के भीतर रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में ग्राउंड लेवल अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य, रेलवे क्षेत्र की टूटी व जर्जर सड़कों पर नई सड़कों का निर्माण कार्य एवं रोड लाइट, विस्थापन मार्ग पर बने अंडर ब्रिज से पानी निकासी की व्यवस्था, रेलवे कॉलोनी और स्टेशन परिसर में स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बीना जंक्शन पर पार्किंग और यात्री सुविधाओं का विस्तार, बीना-मंडी बामोरा मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण आदि विभिन्न कार्य करवाने की मांग रखी।

इन सभी बिंदुओं पर महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि बीना क्षेत्र की मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक सप्रे ने बताया कि यह मांगें सीधे तौर पर आम नागरिकों की सुविधा से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि बीना की जनता लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रही है और अब रेलवे प्रशासन ने इनकी महत्ता को स्वीकार किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि महाप्रबंधक शीघ्र ही इन मांगों को पूर्ण कराएंगे। विधायक ने कहा भाजपा सरकार और रेलवे मंत्रालय आम जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। जिसका लाभ बीना क्षेत्र की जनता को बहुत जल्द मिलेगा।



# शहीद अहीर सैनिकों की रजत कलश यात्रा मुंगावली पहुंची

### अहीर रेजिमेंट गठन की मांग हुई प्रबल

**मुंगावली।** भारत-चीन युद्ध 1962 में रेजंगला की ऐतिहासिक लड़ाई में शहीद हुए वीर अहीर सैनिकों की रजत कलश यात्रा शनिवार को मुंगावली पहुँची। नगर में यात्रा के प्रवेश पर जयस्थम्भ चैराहे पर भव्य स्वागत किया गया। नगरवासी, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और अमर गाथा को नमन किया। इस अवसर पर ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव ने कहा कि रेजंगला की शौर्यगाथा केवल अहीर समाज की ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की धरोहर है। जिन वीर जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान दिया, उनका सम्मान देश की आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि अहीर समाज ने सदैव देश की सीमाओं की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, इसलिए अलग अहीर रेजिमेंट का गठन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह केवल अहीर समाज का नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाने वाला कदम होगा। कलश यात्रा के नगर आगमन पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं संयोजक दशरथ यादव, युवा मोर्चा तहसील अध्यक्ष रामेश्वर यादव, ज़िला अध्यक्ष खलक सिंह यादव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने रेजंगला के शौर्य को भारतीय सेना के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा कि वीर अहीरों के अदम्य साहस और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गौरतलब है कि यह रजत कलश यात्रा 19 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में प्रवेश कर चुकी है और अब तक देश के लगभग 12 राज्यों से होती हुई नगर पहुंची है।

# समाज में व्याप्त कुरीतियां समाज को खोखला कर रही हैं : प्राचार्य

### सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता विषय पर हुआ व्याख्यान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियां समाज को खोखला कर रही हैं। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाए। आप सभी को शिक्षा की अलख घर-घर गांव-गांव में जागना है और फिर समाज में व्याप्त कुरीतियों को एक जुट होकर खत्म करना है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि हमारे भारतीय समाज सुधारक हमारे आदर्श हैं। जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों को समाज से खत्म करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया एवं एक नया समाज निर्मित कर दिया। ऐसे समाज सुधारक राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद सरस्वती, ज्योति फुले, विनोबा भावे, ईश्वर चंद्र विद्यासागर के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज के निर्माण में अपना सहयोग देना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ रश्मि द्विवेदी ने बाल विवाह, भ्रूण हत्या, अंधविश्वास, जातिवाद, दहेज प्रथा आदि सामाजिक कुरीतियों का जिक्र करते हुए दहेज प्रथा के संबंध में कहा कि कोई भी रीति अपने आप समझ में कूरीति रूप धारण नहीं करती है बल्कि हम जैसे समाज में रहने वाले सामाजिक प्राणी ही इनका रूप बदल देते हैं। जैसे दहेज एक प्रकार का कन्या पक्ष द्वारा वर पक्ष को उपहार के रूप में दिया जाने वाला उपहार था, जो की धीरे-धीरे मांग बन गया और अलग-अलग पद, परिवार, सामाजिक प्रतिष्ठा, खानदान के आधार पर दहेज मांगा जाने लगा। आज हम सभी को मिलकर इन कुरीतियों को खत्म करना है एवं एक नया समाज कुरीति विहीन समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में डॉक्टर आशीष गुप्ता, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, अरुण उपाध्याय, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, डॉक्टर की दीपमाला सिंह, डॉ विशाल मिश्रा, डॉक्टर दिनेश राय, प्रकाश, यशवंत शर्मा सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।